# महोबा पुलिस

दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 400/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 20.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 401/26

# महोबा पुलिस

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 20.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।



दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 402/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना अजनर

## थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गयी।

उ0नि0 ऋषी शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 20.07.2026 को ग्राम महुआबाँध से आनन्दपुरा मार्ग पर सरदारपुर जाने वाले मोड़ के पास, बहद ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा से 01 नफर अभियुक्त सोनू राजपूत पुत्र नन्दू राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 129/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

- सोनू राजपूत पुत्र नन्दू राजपूत, उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा

### बरामदगी-

- 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर (नाजायज)

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला
2. उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा
3. का0 अमर द्विवेदी
4. रि0का0 शिवम यादव



दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 403/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर, थाना कोतवाली नगर महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा मारपीट व जानलेवा हमले के अभियोग में शेष 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, प्रकरण के सभी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल।

पुलिस अधीक्षक महोबा **श्री शशांक सिंह** के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक **श्रीमती वन्दना सिंह** एवं क्षेत्राधिकारी नगर **श्री रविकान्त गोंड** के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की है।

ज्ञातव्य है कि दिनांक **14.07.2026** को जयवेन्द्र सिंह उर्फ विक्की ठाकुर पुत्र बाबू सिंह निवासी समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा पर धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर **मु0अ0सं0 344/2026** धारा **191(2)/191(3)/109(1)/118(2)/3(5) बीएनएस** के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के संबंध में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त रोहित कुमार सहित सहअभियुक्त नादिर एवं अभिषेक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया था, जबकि शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश एवं सघन प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक **20.07.2026** को पुलिस टीम ने शेष दोनों वांछित अभियुक्त **राजेश उर्फ छोटू उर्फ छुट्टू पुत्र रामस्वरूप बेडिया (27 वर्ष)** एवं **शिव प्रताप सिंह परमार पुत्र जनार्दन उर्फ भूरा सिंह (27 वर्ष)** को गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राजेश उर्फ छोटू उर्फ छुट्टू पुत्र रामस्वरूप बेडिया उम्र 27 वर्ष निवासी मु0 समद नगर चन्देल पेट्रोल पम्प के पीछे थाना कोतवाली नगर महोबा मूल निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जिला महोबा

2.शिव प्रताप सिंह परमार पुत्र जनार्दन उर्फ भूरा सिंहउम्र 27 वर्ष निवासी मु0 समद नगर चन्द्रेल पेट्रोल पम्प के सामने थाना कोतवाली नगर महोबा मूल निवासी ग्राम उटिया थाना कबरई जिला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. SHO मनीष कुमार पाण्डेय. थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0 कां0 उमाशंकर शुक्ला
3. रि0का0 सुरेश सरोज
4. म0रि0का0 खूशबू सिंह



दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 404/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी, थाना खरेला

# थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

- पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में अवैध शस्त्रों की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री नन्हेलाल द्वारा गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।
- उ0नि0 मो0 कलीम उस्मानी मय हमराह पुलिस बल द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम पहरेथा क्षेत्र में नागबाबा स्थान के चबूतरे के पास, मुहल्ला कंजला बहद ग्राम पहरेथा से 01 नफर अभियुक्त रामनारायण अहिरवार पुत्र मैयादीन उर्फ भैयादीन उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया।
- गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना खरेला पर मु0अ0सं0 53/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त -

- रामनारायण अहिरवार पुत्र मैयादीन उर्फ भैयादीन, उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम पहरेथा थाना खरेला जनपद महोबा

## बरामदगी-

- 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 मो0 कलीम उस्मानी
2. का0 अनुराग सचान
3. हो0गा0 संजय



दिनांक- 20.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 405/26

# महोबा पुलिस

## डायल-112 पीआरवी पुलिस टीम की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर पहुंचाया गया अस्पताल, बचायी गयी जान...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल-112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी आपात सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। पीआरवी पुलिस टीम द्वारा निरंतर कर्तव्यनिष्ठा, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।
- इसी क्रम में दिनांक 19.07.2026 को कॉलर द्वारा यूपी-112 पर सूचना दी गई कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत काशीराम कॉलोनी भटीपुरा के पास एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।
- सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित पीआरवी 6539 वाहन मौके के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति की बाइक आवारा पशु से टकरा जाने के कारण दुर्घटना हुई।
- पीआरवी टीम द्वारा बिना विलंब किए तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल, महोबा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु जनपद झांसी रेफर किया गया।
- पीआरवी टीम द्वारा घायल व्यक्ति की बाइक के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित कर परिजनों को सूचित किया गया तथा वाहन को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।
- घटना की सूचना थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई, जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।
- पीआरवी पुलिस टीम की त्वरित, संवेदनशील एवं सराहनीय कार्यवाही के परिणामस्वरूप घायल व्यक्ति को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध हो सकी, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। इस उत्कृष्ट कार्य हेतु स्थानीय नागरिकों द्वारा पीआरवी टीम एवं महोबा पुलिस की सराहना की जा रही है।

### पीआरवी टीम :-

1.कमांडर – आरक्षी नीरज कुमार

2.पायलट – हो0गा0 सुशील